सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी अंग्रेजी में करेंगे बात

सीमा शर्मा

नई दिल्ली। अब सरकारी स्कूलों के शिक्षक भी बिना हिचके इंग्लिश में बात करेंगे। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की इंग्लिश की ग्रूमिंग होगी। अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली का इंग्लिश सेंटर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को इंग्लिश भाषा का डर दूर भगाने, इंग्लिश में बात करने, पढ़ाने और शैक्षणिक क्षेत्र में इंग्लिश का प्रयोग करने की ट्रेनिंग देगा। इन राज्यों में दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट शुरू होगा। खास बात है कि विश्वविद्यालय के इस इंग्लिश सेंटर में अमेरिकन एंबेसी भी सहयोग कर रहा है।

अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली का इंग्लिश सेंटर देगा प्रशिक्षण

द सेंटर फॉर इंग्लिश लैंग्वेज एजुकेशन (सीईएलई) के प्रोफेसर अमोल पडवाड के मुताबिक, आज स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा या फिर नौकरी हर जहां इंग्लिश की जरूरत है। सरकारी स्कूलों के छात्र इंग्लिश के चलते अक्सर पिछड़ जाते हैं। सरकारी स्कूलों में उन्हें शिक्षक भी हिंदी मीडियम में ही पढ़ाते हैं। क्योंकि उनका खुद इंग्लिश में हाथ तंग होता है। इसीलिए छात्रों से पहले इन शिक्षकों की इंग्लिश में ग्रूमिंग जरूरी है। सेंटर ने बाकायदा पाठ्यक्रम भी डिजाइन किया है। इसमें बेसिक इंग्लिश, रिसर्च पेपर, रीडिंग, शैक्षणिक इंग्लिश शामिल है।

गौतमबुद्धनगर जिले के स्कूलों में अगले महीने से ट्रेनिंग: प्रो. पडवाड के मुताबिक, यूपी में गौतमबुद्धनगर जिले के स्कूलों में अगले महीने से ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू होगा।